इमर्जिंग ट्रेंड्स इन केमिस्ट्री

# विभिन्न क्षेत्रों में हुए अनुसंधानों पर आईआईटी इंदौर में हुई चर्चा

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



इंदौर ◆ इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर में शुक्रवार से चार दिनी 'इमर्जिंग ट्रेंड्स इन केमिस्ट्री' विषय पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसका उद्देश्य औषधि विक्रेता और जीव विज्ञानी को एक साथ लाना व विभिन्न क्षेत्रों में किए गए रिसर्च की जानकारी साझा करना था। इस कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ आईआईटी निदेशक प्रो. प्रदीप माथुर ने संस्थान का परिचय देकर किया। वैज्ञानिक सम्मेलन के पहले दिन दो लेक्चर हुए जिसमें 6 विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी। वक्ताओं ने चिकित्सा, पॉलिमर, प्राकृतिक उत्पाद संश्लेषण, ऑर्गेनॉमेटिक्स, बायोमेट्रिक्स और चिकित्सा प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी के क्षेत्र में किए गए शोध पेपर्स पर अपने विचार साझा किए। सम्मेलन में भारत की कई दवा कंपनियों के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न प्रतिष्ठित आईआईटी, आईआईएसईआर और सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के शिक्षाविद् भी भाग ले रहे हैं।

Patrika (Indore), 13th July 2019, Patrika Plus, Page-15